## एक नजर में

### 50 हजार के कर्ज पर हड़पी जमीन किसान को वापस

**बैतूल.** बैतूल जिले के आमला में एक किसान को बड़ी राहत मिली, जब एसडीएम न्यायालय ने साहूकार द्वारा दबाव बनाकर कराई गई जमीन की रजिस्ट्री को अवैध ठहराते हुए उसे निरस्त कर दिया और जमीन किसान को लौटा दी. वर्ष 2020 में किसान बिसनलाल ने हथनोरा निवासी साहूकार से 50 हजार रुपये कर्ज लिया था. आरोप है कि साहूकार ने कोरे चैक लिए और बाद में धमकाकर 0.202 हेक्टेयर जमीन की रजिस्ट्री करा ली. जांच में सामने आया कि साहूकार 48 फीसदी सालाना ब्याज वसूल कर चुका था और 50 हजार के बदले करीब तीन लाख रुपये ले चुका था.

### विक्रम विवि में शुरू होगा सीएसबीएस कोर्स

**उज्जैन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी के बाद अब कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम्स (सीएसबीएस) कोर्स शुरू किया जा रहा है. इसके लिए 20 अगस्त को विश्वविद्यालय और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के बीच एमओयू होगा. इस अवसर पर टीसीएस के ग्लोबल हेड के. सुचेंद्रन भी विवि आएंगे. कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री लगातार विवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं. सीएसबीएस कोर्स छात्रों को तकनीकी और प्रबंधन से उन्हें रोजगारपरक बनाएगा.

# ड्रग माफिया को संरक्षण दे रही है भाजपा : नायक



स्टाफ संवाददाता

**भोपाल, 19 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. मीडिया से बातचीत में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश अब उड़ता मध्यप्रदेश बन चुका है और नशीले पदार्थों के अनियंत्रित प्रसार के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार हैं.**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, जो गृहमंत्री भी हैं, संगठित अपराध पर नकेल कसने में विफल रहे हैं और माफिया तंत्र को संरक्षण देकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं. डॉ. नायक ने बताया कि 18 अगस्त को भोपाल के पास जगदीशपुर स्थित एक फैक्ट्री से 92 करोड़ की 61.2 किलो एमडी ड्रग्स को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जब्त की गई. उन्होंने सवाल उठाया, यह फैक्ट्री वर्षों से चल रही थी, लेकिन प्रदेश पुलिस को भनक तक क्यों नहीं लगी? आखिर केवल केंद्रीय एजेंसियां ही ऐसे मामलों का खुलासा क्यों करती हैं? गृह मंत्रालय कहां था?

उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में 1,814 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्ती मामले में मुख्य आरोपी हरीश अंजन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का करीबी था. डॉ. नायक ने पूछा, क्या यह काला धन भाजपा के चुनावी कोष में जा रहा है? उन्होंने देवड़ा का इस्तीफा मांगा है. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भोपाल, इंदौर, झाबुआ और मालवा क्षेत्र में भाजपा नेताओं के रिश्तेदार बार-बार नशे के मामलों में पकड़े गए हैं. यह संयोग नहीं, बल्कि साजिश और मिलीभगत है. डॉ. नायक ने चेतावनी दी कि नशा विद्यालयों और महाविद्यालयों तक पहुंच चुका है, जिससे परिवार टूट रहे हैं और अपराध बढ़ रहे हैं. समाज बिखर रहा है और सरकार इस व्यापार में साझेदार की तरह मौन है. कांग्रेस ने कहा कि यदि माफिया और उनसे जुड़े नेताओं पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन करेंगे.

### पटवारी बोले- प्रदेश बन गया नशे का अड्डा



**भोपाल.** नशे के कारोबार पर फिर से बड़ी कार्रवाई हुई है. पुलिस ने शहर से 61.2 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत करीब 92 करोड़ रुपये बताई जा रही है. यह नशीली दवा एक अवैध फैक्ट्री में बनाई जा रही थी. लगातार हो रही इस तरह की बरामदगी से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर प्रदेश नशे का अड्डा क्यों बनता जा रहा है.

#### सवालों के घेरे में सरकार

इस कार्रवाई के बाद विपक्षी दलों ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है. कांग्रेस प्रवक्ता जीतू ने ट्वीट कर सवाल उठाया है कि सरकारी नाक के नीचे करोड़ों का नशीला कारोबार सरकार की मदद के बगैर संभव नहीं. आखिर अपने समर्थकों के नाम कब तक छुपाए जाएंगे? विपक्ष का आरोप है कि नशे के इस पूरे नेटवर्क को सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त है. मामले पर अब तक मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की ओर से स्पष्ट बयान नहीं आया है.

## स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ का आयोजन 23 को

**भोपाल.** लघु उद्योग भारती ने 23 और 24 अगस्त को भोपाल के गोविंदपुरा स्थित एमएसएमई कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 'स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ' का आयोजन किया है. इस दौरान गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बने लघु उद्योग भारती के नए भवन का लोकार्पण भी होगा. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा और महामंत्री अरुण सोनी ने बताया कि इस महाकुंभ में प्रदेशभर से 1000 से अधिक उद्यमियों ने पंजीयन कराया है. आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में लघु उद्योगों को बढ़ावा देना, महिला एवं युवा उद्यमियों की भागीदारी सुनिश्चित करना और व्यापार में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना है.

# नवीन गुलाटी ने सुरक्षा के लिए निरीक्षण

## रेलवे के प्रशिक्षण केंद्रों का लिया जायजा




नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अगस्त. रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी ने मंगलवार को भोपाल मंडल के तहत तकनीकी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रानी कमलापति से बुधनी रेलखंड का निरीक्षण किया.**

यह निरीक्षण पूरी तरह से संरक्षा केंद्रित था, जिसमें ट्रैक की संरचना, तकनीकी मानक, सुरंगों की स्थिति, ढलान, मोड़ों और अन्य संवेदनशील स्थानों का गहन परीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान गुलाटी ने आधुनिक ट्रैक इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन करते हुए रेलखंड की भौगोलिक जटिलताओं, विशेष रूप से सुरंगों और पुलों की संरचना, ट्रैक ज्योमेट्री, वेल्डिंग की गुणवत्ता, स्लीपर की स्थिति, बैलास्ट की गहराई और जल निकासी प्रणाली जैसी तकनीकी बातों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया. अधिकारियों से प्रत्येक खंड की संरक्षा स्थिति की मौजूदा रिपोर्ट ली और सुधारात्मक उपायों पर चर्चा की. इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे एवं मंडल स्तर के वरिष्ठ इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ बातचीत कर खंड में ट्रैक अनुरक्षण की मौजूदा कार्यप्रणाली, सुरक्षा निरीक्षण की आवृत्ति, नवीनतम तकनीकों के उपयोग तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा की.

# कैबिनेट में छाया रहा खाद संकट का मामला



- सीएम ने किया आश्वस्त, नहीं होगी कमी
- 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 अगस्त. प्रदेश में खाद संकट का मामला मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट में एक बार फिर छाया रहा.**

मंत्रियों ने उनके प्रभार के साथ ही गृह जिले से मिल रहे फीडबैक के आधार पर किसानों को खाद नहीं मिलने का मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने उठाया. उनका तर्क था कि किसानों को समय पर खाद मिलना चाहिए. खाद नहीं मिलने से आक्रोश की स्थिति बनती है, इसका फायदा कतिपय लोग उठाते हैं और किसानों को भड़काने में भी पीछे नहीं रहते. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में मक्के का रकबा 5 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है, इस कारण यूरिया की मांग बढ़ गई है. अगले डेढ़ माह में प्रदेश को 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है. मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यूरिया का कुल भंडारण 15.60 लाख मेट्रिक टन है, जिसमें से 13.92 लाख मेट्रिक टन किसानों को वितरित किया गया है और 1.68 लाख मेट्रिक टन यूरिया शेष है. इससे पहले भी प्रदेश में खाद की कमी का मामला अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान उठ चुका है.

अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में पूंजीगत व्यय में वृद्धि वाले प्रथम तीन राज्यों में मप्र ने अपना स्थान बनाया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर किए गए नवाचार के संबंध में मंत्रियों से फीडबैक लिया. स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सभी जिलों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया. जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने संबंधित जिले में विगत डेढ-पौने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया. सभी जिलों की विकास गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति पर सभी जिलों में पुस्तकें प्रकाशित की जाएं और विधिवत आयोजन कर विमोचन किया जाए.

# कटनी की अर्चना तिवारी का ग्वालियर कनेक्शन

## 13 दिन बाद परिजनों से की बात, बोली-वह जहां है, सुरक्षित है



आरक्षक राम तोमर

**कटनी, 19 अगस्त. ट्रेन से रहस्यमयी ढंग से लापता हुई कटनी निवासी अर्चना तिवारी का आखिरकार सुराग मिल गया है. 13 दिन बाद अर्चना ने फोन कर परिजनों से संपर्क किया और खुद को सुरक्षित बताया.**

इसकी पुष्टि अर्चना के ममेरे भाई और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा ने की है. उन्होंने बताया कि अर्चना ने साफ कहा है कि वह जहां है, सुरक्षित है और जल्द ही इस मामले का खुलासा रेल पुलिस करेगी. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अर्चना कहां पर है, लेकिन परिवार को उसकी कुशलता की खबर मिलते ही कुछ राहत जरूर मिली है.

पुलिस ने आरक्षक राम तोमर का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. शुरुआती जांच में राम तोमर की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है. एडिशनल एसपी के अनुसार, अर्चना की लोकेशन, कॉल डीटेल्स और टिकट बुकिंग से साफ है कि वह राम तोमर के संपर्क में थी और घटना के तार वहीं से जुड़े हैं. कटनी, भोपाल और इंदौर में बीते एक सप्ताह से जांच कर रही जीआरपी को अब ग्वालियर पुलिस की मदद से अहम सुराग मिले हैं. पुलिस का दावा है कि जांच पूरी होते ही पूरे मामले से पर्दा हटा दिया जाएगा.

जांच में अब ग्वालियर का कनेक्शन सामने आया है. जीआरपी ग्वालियर के एएसआई एचएन सिंह के अनुसार, अर्चना के ग्वालियर में होने की जानकारी मिली है और उसकी तलाश तेज़ कर दी गई है. इस बीच झांसी रोड थाना पुलिस ने एक अहम संदिग्ध आरक्षक राम तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राम तोमर ने ही इंदौर से ग्वालियर तक का ट्रेन टिकट अर्चना के लिए बुक कराया था. फोन कॉल रिकॉर्डिंग और लोकेशन डेटा से पता चला है कि अर्चना और राम तोमर के बीच लगातार संपर्क बना हुआ था.

## रानी कमलापति से गया के लिए पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**भोपाल.** पितृपक्ष के पावन अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रानी कमलापति से गया तक विशेष स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल प्रवक्ता ने बताया कि पितृपक्ष के दौरान गया में पिंडदान और तर्पण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं. इसको देखते हुए गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया स्पेशल सात, 12 और 17 सितंबर को दोपहर 1:20 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 9:30 बजे गया पहुँचेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 01662 गया-रानी कमलापति स्पेशल 10, 15 और 20 सितंबर को दोपहर 2:15 बजे गया से चलेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी.

# 23 तक जारी रहेगा बारिश का दौर

- मूसलाधार बारिश से भीगे कई जिले
- मानसून ट्रफ़ सक्रिय चलेंगी तेज हवाएं



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अगस्त. मध्यप्रदेश में 23 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहेगा. प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार मूसलाधार बारिश होती रहेगी.**

मौसम विभाग ने बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, बड़वानी, सीहोर, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, इंदौर, उज्जैन सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी. मंगलवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई. जिससे कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी निर्मित हुई. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. इस दौरान तेज गति से हवाएं भी चलेंगी. मानसून ट्रफ़ वर्तमान में, दीव, सूरत, नंदुरबार, अमरावती, दक्षिण आंतरिक ओडिशा पर डिप्रेशन के केंद्र से होकर पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है. एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वोत्तर अरब सागर और संलग्न गुजरात पर माध्य समुद्र तल से 5.8 और 7.6 किमी की ऊंचाई के मध्य सक्रिय है.

## भोपाल की 2 मस्जिदों को हटाने का आदेश, वक्फ बोर्ड पहुंचा हाईकोर्ट

**भोपाल, 19 अगस्त. भोपाल में बड़ा तालाब के एफटीएल क्षेत्र में बनी दो मस्जिदों दिलकश मस्जिद और मोहम्मदी मस्जिद को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है.**

जिला प्रशासन द्वारा इन्हें सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मानते हुए हटाने का नोटिस जारी किया गया है. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि स्वैच्छिक रूप से ढाँचा नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक बेदखल की कार्रवाई की जाएगी. एनजीटी के आदेशों के पालन में जारी इस नोटिस के खिलाफ एमपी वक्फ बोर्ड ने मोर्चा खोलते हुए हाईकोर्ट में रिट दाखिल की है. बोर्ड का दावा है कि दोनों मस्जिदें वक्फ संपत्ति हैं और इनके पास वर्षों पुराने कानूनी दस्तावेज मौजूद हैं. मस्जिद हटाने की कार्रवाई की भनक लगते ही मुस्लिम संगठनों ने सड़क पर उतरकर चेतावनी दी कि अगर मस्जिद पर पैर भी रखा तो आर-पार की लड़ाई होगी, लाशों पर से गुजरना होगा. दूसरी ओर हिंदू संगठनों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मस्जिद टूटनी चाहिए मतलब टूटनी चाहिए. एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा के अनुसार, एनजीटी और पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना के तहत तालाब के 50 मीटर शहरी एवं 250 मीटर ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले सभी अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की जा रही है.

# जयवर्धन को जिला अध्यक्ष बनाने पर उठे सवाल

## कांग्रेस में पद बनाम कद की राजनीति

हरिचरण सोनी



**राधौगढ, 19 अगस्त. कांग्रेस में कद और पद की चर्चित राजनीति के बीच जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर कई सवाल सामने आ रहे है कि आखिर सृजन अभियान के तहत यह कैसे फैसले लिये गये कि जो प्रदेश संगठन में अहम जिम्मेदारी निभा रहे उन्हें जिले तक सीमित कर दिया?**

कांगेस संगठन के विस्तार में एक व्यक्ति एक पद पद्धति अपनाई गई तो जयवर्धनसिंह को एक पद छोड़ना पड़ सकता है. प्रदेश में कांग्रेस के बीच अपनी छवि स्थापित करने वाले जयवर्धन सिंह को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेसी आग बबूला होते दिखाई दिये बल्कि भाजपा भी टिप्पणी करने से नही रूक सकी. दरअसल पिछले दिनो कांग्रेस ने सृजन अभियान के तहत जिला संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से पूर्व मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे पूर्व केविनेट मंत्री विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जयवर्धन सिंह को जिले के अध्यक्ष बनाकर गुना की कमान सौप दी ताकि गुना मजबूत हो सके. यानि की प्रदेश उपाध्यक्ष को डिमोशन की तरह जिले तक ही सीमित कर दिया. ऐसा होने पर भडके काग्रेंसी आग बबूला की तरह नजर आये कि जो नेता स्टार प्रचारक की तरह प्रदेश की हर 7 विधानसभा क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर दौरा ही नही कर रहा बल्कि विपक्षी नेता के रूप में काग्रेस की आवाज बुलंद कर

लोगो के बीच पहुँच रहा हो और उसी नेता के मनोबल को सृजन अभियान में क्यो झटका दे दिया. हालाकि जयवर्धन सिंह ने पार्टी के फैसले को सर्वोपरी मानकर पद को स्वीकार किया है. लेकिन पार्टी के भीतर यह नाराजी थमती नजर नही आ रहीं.

राजनीति में कदम रखने के बाद जयवर्धन सिंह विधायक बने और तत्कालीन काग्रेंस सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री बनने के बाद जयवर्धन अपने पिता दिगिवजय सिंह की तरह सक्रिय नजर आ रहे है. जहा तक की ग्वालियर चम्बल संभाग के विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित करने के बाद कांग्रेस की राजनीति ने जिला अध्यक्ष का पद देकर जयवर्धन के बढते कदम को जिले तक सीमित कर दिया और ऐसे उर्जाबान नेता की काग्रेंस ने प्रदेश में जरूरत महसूस क्यों नही की गई?



# इंटक के पदाधिकारियों ने जीएम दफ्तर के सामने शुरू किया धरना

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर एनसीएल के श्रमिक धरने पर बैठे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ शाखा जयंत द्वारा आज दिन मंगलवार को श्रमिकों के ज्वलंत मांग पूरी नहीं होने पर महाप्रबंधक जयंत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।**

संघ के शाखा के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगे प्रबंधन को दी गई थी, किंतु प्रबंधन ने कोई सार्थक निर्णय नहीं लिया, जिस कारण संगठन के परियोजना के कर्मचारी एवं पदाधिकारी धरना पर बैठ गये। इस संबंध में राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ के महामंत्री पुष्पराज सिंह ने बताया कि 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जयंत के श्रमिक संगठन व कर्मचारी धरना शुरू कर दिये हैं। मांग पत्रों के बारे में बताया कि कर्मचारियों को तत्काल आवास दिया जाए एवं मेडिकल आधार वाले कर्मचारियों को भूतल का आवास दिया जाए। केंद्रीय जेसीसीके सहमति के उपरांत भी इंसेंटिव में भारी अनियमित बरती गई है, जैसे जनरल इंसेंट 8000 की सहमिति होने के बाद 7500 कर दिया गया ।सीएचपी का प्रेषण लक्ष्य बढ़ा दिया गया, साथ ही ड्रैगलाईन का भी इंसेंटिव में भी बदलाव कर दिया गया। आवासीय परिसर में चोरी की घटना को रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था किया जाए। सिविल मेंटेनेंस के कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। मेडिकल बिल का भुगतान इत्यादि 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# शासकीय जमीन पर सरहंगों का कब्जा

## आंगनबाड़ी, गौशाला व तालाब की भूमि अतिक्रमण की चपेट में कलेक्टर से की गई शिकायत

नवभारत न्यूज



**सिंगरौली 19 अगस्त। जिले के बरगवां तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जोवगढ़ के खेखड़ा मझौली टोला में कुछ स्थानीय दबंगों के द्वारा सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा किया गया है। यहां तक कि विद्यालय एवं आंगनवाड़ी भवन के अलावा गौशाला तालाब के समीप म.प्र. शासन की भूमि में अतिक्रमण किया गया है। जिसकी जानकारी तहसील बरगवां के अधिकारियों को दी जा चुकी है।**

इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि आज दिन मंगलवार को कलेक्टर की जन सुनवाई में शिकायत की गई है। इधर बता दें कि जिलेभर में म.प्र. शासन की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। कई ऐसे मामले हैं जिसकी जानकारी राजस्व अमला को है, इसके बावजूद सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने में राजस्व हमला उदासीन रवैया अपना रहा है। यही वजह है कि आए दिन सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। ऐसा ही मामला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचा। जहां जोवगढ़ निवासी बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने दिए अपने आवेदन पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत जोवगढ़ के जनपद देवसर के खेखड़ा के मझौली टोला के विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के अलावा गौशाला तालाब के समीप सड़क से लगी शासन की जमीन पर कृष्णा बैस, रामशुभग बैस, यज्ञनारायण बैस बैसाखू के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इसके अलावा अन्य लोगों ने अभी अतिक्रमण किया है। जिसकी शिकायत कई बार तहसील व कलेक्टर के पास की जा चुकी है। इसके बावजूद राजस्व अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है, जिसके चलते आए दिन अतिक्रमण हो रहा है।

## लल्लू सिंह गहरवार नहीं रहे



**चाकघाट 19 अगस्त,** समीपस्थ ग्राम- कोनिया गहरवार निवासी श्री लल्लू सिंह गहरवार का विगत 13 अगस्त 2025 दिन बुधवार को उनके ही आवास में निधन हो गया । उनके निधन की खबर गांव में जैसे ही फैली उनके स्नेही जनों का तांता उनके घर में लगने लगा । श्री सिंह का दाह संस्कार पैतृक गांव कोनिया गहरवार में ही हिंदू वैदिक रीति रिवाज के अनुसार किया गया ।उनके अंतिम शव यात्रा में गांव के अनेकों गणमान्य स्नेही- स्वजन व रिश्तेदारों ने सम्मिलित होकर अपने प्रिय जन को अंतिम शोक श्रद्धांजलि अर्पित की मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र कमलेश्वर सिंह गहरवार ने किया। उपस्थित जनों ने परमात्मा से प्रार्थना किया है कि श्री सिंह के परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।



# कलेक्टर ने की 152 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 152 लोगों ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओं से अवगत कराया।**

कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रों पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रों का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ, उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबंधित आवेदनों पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करायें। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, देवेन्द्र द्विवेदी, सौरभ मिश्रा, तहसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

मै द्योषणा करती हूॅ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में GEETA PINJANI था। जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम MADHU DEWANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम MADHU DEWANI W/O ANIL KUMAR DEWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता-50KHAIBAR LINE MADHAV NAGAR, NEAR CHICAGO PABLIK SCHOOL, SATN KANWAR RAM WARD NO. 43 MURWARA, KATNI DISTT KATNI (M.P.) है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मै द्योषणा करती हूॅ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम MAMTA SANGTANI था जिसे मै बदल कर अब अपना नया नाम MAMTA DEVI SANGTANI W/O LAL CHAND SANGTANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम MAMTA DEVI SANGTANI W/O LAL CHAND SANGTANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- 158 NAI BASTI NEAR SINDHI SCHOOL JAI PRAKASH, WARD MURWARA PO. KATNI, DISTRICT KATNI (M.P.) है।